मा.ला.वर्मा टेक्सटाइल एण्ड इंजीनियरिंग कॉलेज,भीलवाड़ा

क्रमांकः छात्र–शाखा/2026–27/ 3603-3605 दिनांकः 18/11/2026

सूचना

महाविद्यालय के वर्ष 2026 मे पासआउट तथा बेक में पास आउट सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आरटीयु–कोटा से प्राप्त सुचनानुसार 16th Convocation 2027 छात्रों के Degree हेतु डेटा प्रमाणित किया जाना हैं। इसके लिए दिनांकः 30.11.2026 तक योग्य छात्र विभागाध्यक्ष के समक्ष स्वयं आवश्यक दस्तावेज (संमेकित अंकतालिका,आधार कार्ड कि फोटो कॉपी एवं पासपोर्ट साईज की नवीन फोटो) के साथ उपस्थित होवे, ताकि आवश्यक संशोधन किया जा सके। छात्र उपस्थित नहीं होने पर आवश्यक संशोधन नहीं होता है तो छात्र स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

चीफ प्रोक्टर

प्रतिलिपिः

1. कॉलेज वेबसाईट प्रभारी को भेजकर लेख है कि उक्त नोटिस को कॉलेज वेबसाईट पर अपलोड कराने का श्रम करावें।
2. छात्र वाट्सप ग्रुप ।
3. Heads of all Department ECE/IT/ME/TT/TC/CSE डिग्री डाटा वेरिफिकेशन के लिए एक फेकल्टी को जिम्मेदारी सुपुर्द कर कार्य करवाना सुनिश्चित करें ।

प्रोक्टर(परीक्षा)

College website

MLV Textile & Engineering College, Bhilwara
Section Chief Proctor Dt. 3/11/26

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

No. F(27)/RTU/Exam/XVI-Convocation/2027/6399-6405 Dated: 03/11/2026

Stu. Sec. 04/XI/2

सोलहवां (XVI) दीक्षान्त समारोह–2027

1. **डीन, फेकल्टी अफेयर्स**
   यू.डी., आरटीयू, कोटा
2. **प्राचार्य / निदेशक**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
   राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
   कोटा (राज0)

इंजीनियरिंग कॉलेज (राज.)
03 NOV 2026
प्राप्ति क्रमांक 1861

विषय :–विश्वविद्यालय के सोलहवें (XVI) दीक्षान्त समारोह–2027 के डिग्री डाटा अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय,

विश्वविद्यालय के सोलहवें (XVI) दीक्षान्त समारोह **23 जनवरी, 2027 (शनिवार)** को किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें सत्र 2025–26 में उत्तीर्ण (वर्ष 2026 उत्तीर्ण बैच) विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएंगी। वर्ष 2026 उत्तीर्ण बैच एवं साथ–साथ पूर्ववर्ती उत्तीर्ण बैचों के बकाया / शेष पात्र विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अपडेट करने हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक **03 नवम्बर, 2026 से क्रियाशील है**। इस संबंध में निम्नलिखित दिशा–निर्देश जारी किये जाते है, जिनकी पालना सुनिश्चित की जाए:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा सोलहवें (XVI) दीक्षान्त समारोह में सत्र 2025–26 में उत्तीर्ण (वर्ष 2026 उत्तीर्ण बैच) विद्यार्थियों (passout students) को नियमानुसार डिग्रियां एवं गोल्ड मेडल प्रदान किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सत्र 2025–26 एवं उससे पूर्व के उत्तीर्ण बैचों के ऐसे विद्यार्थी, जिन्होने अपने समस्त बकाया पेपर उत्तीर्ण कर लिए हैं तथा दिनांक **30 नवम्बर, 2026** तक समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) एवं प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें भी दीक्षान्त समारोह में डिग्रिया प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
2. वर्ष 2026 (सत्र 2025–26) बैच एवं उससे पूर्व के बकाया / शेष विद्यार्थियों, जिन्होनें अपनी डिग्री हेतु निर्धारित सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उनका डिग्री डाटा भी विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपडेट करने हेतु उपलब्ध है। दीक्षान्त समारोह में केवल उन्ही विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जिन्हें दिनांक **30 नवम्बर, 2026** तक समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) तथा प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी हो जाएंगे। पात्र विद्यार्थियों का डिग्री डाटा ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट करने की **अंतिम तिथि 05 दिसम्बर, 2026** निर्धारित की गई है। अतः समस्त महाविद्यालय निर्धारित समय–सीमा में पात्र विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अनिवार्य रूप से जोड़ना / अपडेट करना सुनिश्चित करें।
3. समस्त सम्बद्ध कॉलेजों एवं यू.डी., आरटीयू को सूचित किया जाता है कि ऐसे विद्यार्थियों, जिन्होने अपना पाठ्यक्रम / कोर्स पूर्ण कर लिया है, किन्तु अभी तक समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) तथा प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्राप्त नही किये हैं, को इसकी सूचना दें तथा विश्वविद्यालय / कॉलेज से उक्त दस्तावेज प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात ऐसे पात्र विद्यार्थियों का नाम डिग्री डाटा में जोड़कर ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट किए जाए।

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

4. महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर पात्र विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अपडेट करते समय विद्यार्थी का सही नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में), नामांकन संख्या, फोटो, उत्तीर्ण वर्ष, उत्तीर्ण श्रेणी, ब्रांच का नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में) तथा कॉलेज का नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में) अत्यन्त सावधानीपूर्वक जांचकर ही दर्ज/अपडेट किया जाए। इस प्रक्रिया में कॉलेज स्तर पर किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कॉलेज पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

5. ***विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अपडेट करते समय कॉलेज द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है कि पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध है अथवा नए जोड़े जा रहे सभी विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रम के समस्त सेमेस्टरों के सभी पेपर (सैद्धांतिक, प्रायोगिक, लेब, सत्रांक, इत्यादि) उत्तीर्ण कर लिए हो। यदि पोर्टल पर किसी ऐसे विद्यार्थी का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जिसका कोई/कुछ पेपर बकाया चल रहे है, तो ऐसे विद्यार्थी का नाम डिग्री डाटा से हटवाने हेतु तत्काल हेल्पलाईन/विश्वविद्यालय को सूचित करें तथा आवश्यक कार्यवही कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, संबंधित विद्यार्थी को भी इस सम्बन्ध में सूचित किया जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कॉलेज उत्तरदायी होगा।***

6. विश्वविद्यालय द्वारा सोलहवें (XVI) दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्राप्त करने हेतु पात्र/योग्य सत्र 2025–26 में उत्तीर्ण (वर्ष 2026 उत्तीर्ण बैच) के विद्यार्थियों (passout students) की प्रोविजल मेरिट लिस्ट यथा–समय विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित की जाएगी। इस संबंध में पृथक से आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे।

अतः विश्वविद्यालय के सोलहवें (XVI) दीक्षान्त समारोह–2027 के डिग्री डाटा अपडेट करने के संबंध मे उपर्युक्त दिशा–निर्देशों की कठोरता से पालना करना सुनिश्चित करें, ताकि दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही निर्धारित समय–सीमा में त्रुटिरहित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न की जा सके।

(प्रो. विवेक पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय
2. चीफ प्रोक्टर, यूडी, आरटीयू, कोटा
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय–द्वितीय)
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा आयोजन)
5. अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)
6. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू, कोटा
7. रक्षित पत्रावली

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)